एक नजर में

सजेली में सात दिवसीय धार्मिक आयोजन का हुआ समापन

मेघनगर .शनिवार को सजेली सुरजी मोगजी साथ में आयोजित सात दिवसीय धार्मिक आयोजन का समापन शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा कर हुआ लबाना समाज द्वारा सात दिवसीय धार्मिक आयोजन कर शिव पुराण कथा का आयोजन कर सात दिवसीय संगीत मय कथा का वाचन वृंदावन के आर्चय विष्णु जी द्वारा किया गया शनिवार को विद्वान पंडितो द्वारा शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा हवन पुजन कर विधि विधान से कराकर महा आरती कर भण्डारा कर भोजन प्रसादी वितरण की आयोजित सात दिवसीय धार्मिक आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर धर्म का लाभ लिया सफल आयोजन पर समिति द्वारा सभी का सम्मान कर आभार व्यक्त किया.

आज भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगा फुटतालाब का श्रीहनुमान जयंती महोत्सव

मेघनगर. प्रदेश के प्रसिद्ध तीर्थस्थल श्री वनेश्वर मारुति नंदन हनुमान मंदिर फुटतालाब पर श्रीगणेश महालक्ष्मी महासरस्वती एवँ माँ अंबे जी की प्रतिष्ठा की वर्षगाँठ एवँ श्रीहनुमान जयंती के अवसर पर आज से प्रदेश का सबसे चर्चित धार्मिक महोत्सव प्रारंभ होगा मौसम की शुरुआत शाम 4ः00 बजे कलश यात्रा के साथ होगी कलश यात्रा में 2000 महिलाओं की शामिल होने की जानकारी देते हुए श्रीहनुमान जयंती महोत्सव समिति के सदस्य और प्रदेश के यशस्वी समाजसेवी श्रीसुरेश चंद्र पूरणमल जैन राजेश रिंकू जैन जैकी जैन और मंदिर के महंत दिलीपदास जी महाराज ने बताया कि कलश यात्रा टाटा सर्विस सेंटर से फुटतालाब हनुमान मंदिर तक जाएँगी वही पर श्रीमद भागवत कथा की स्थापना और प्रारंभ होगा द्य श्रीमद् भागवत कथा प्रसिद्ध कथा वाचक देवी चित्रलेखा जी द्वारा की जाएगी आयोजन को लेकर प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी अधिक भव्य तैयारियाँ की जा रही है आयोजन को लेकर मंदिर प्रांगण आयोजन स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया है वही मंदिर की साज सज्जा भी लगातार की जा रही है बड़ी संख्या में आयोजन समिति के कार्यकर्ता प्रचार प्रसार में लगे हैं उल्लेखनीय की इस धार्मिक महोत्सव की प्रतीक्षा जिले भर के लोगों के साथ पड़ोसी राज्य गुजरात और राजस्थान के लोगों को भी रहती है बाहर से आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो इसका विशेष ध्यान रखकर व्यवस्थाओं को जुटाया जा रहा है विशाल कथा पंडाल अपनी सुंदरता को एक भव्य आयोजन की ओर ले जा रहा है यह पहली बार है जो 3000 स्क्वायर फीट का कथा पंडाल बनाया गया है आयोजन समिति के सभी सदस्यों ने नगर जिले और प्रदेश की जनता से आयोजन को सफल बनाने का विनम्र आग्रह किया हैँ.... यह आयोजन 6 अप्रैल से लेकर 12 अप्रैल तक चलेगा जिसमें बड़ी संख्या में लोगों के आने की संभावना है जताई जा रही हैं....

गांजा तस्करी में शामिल गिरोह पकड़ाया

इंदौर. राजेंद्र नगर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1.620 किलोग्राम गांजा, एक बजाज पल्सर मोटरसाइकिल एमपी 09 एजी 4612 सहित अन्य सामग्री बरामद की है. घटना चोइथराम मंडी के पीछे स्थित गेस प्लॉट वाले सर्विस रोड क्षेत्र की है, यहां पर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दबिश दी. इस दौरान मौके से आरोपी शैलेष पिता राजू मंडेरिया उम्र 27 वर्ष, निवासी महादेव नगर को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया. तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 1.620 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया जिसकी बाजार कीमत लगभग 15,000 रुपए बताई जा रही है. आरोपी गांजा को मोटरसाइकिल से लाने की फिराक में था. पुलिस ने मौके से उसकी बजाज पल्सर मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली. पूछताछ में आरोपी शैलेष ने बताया कि वह यह गांजा अपने साथियों के साथ मिलकर बेचने की योजना बना रहा था. उसके अन्य साथी आरोपी इस प्रकार हैं- आकाश नरवरिया निवासी राजरानी नगर, मोंटी चौहान निवासी राजरानी नगर, नोडीनाथ उर्फ गोविंदा निवासी नाथ मोहल्ला, राजेश नाथ निवासी नाथ मोहल्ला. थाना राजेंद्र नगर क्षेत्र पुलिस ने इन सभी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है.

ऑटो चालक की टक्कर से सब्जी विक्रेता घायल

इंदौर. विजयनगर क्षेत्र में आज एक लापरवाह ऑटो चालक की वजह से सड़क हादसा हो गया जिसमें एक सब्जी विक्रेता को गंभीर चोटें आईं. घटना रोबोट चौराहा से रेडिसन चौराहा के बीच की है. जहां तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक चलाए गए ऑटो नम्बर एमपी 09 आरए 0958 ने पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें सब्जी विक्रेता को आईं गंभीर चोटें. पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेज आरोपी चालक की तलाश शुरु की. 37 वर्षीय घायल नरेंद्र पिता काशीराम चौरसिया निवासी महक वाटिका के पीछे, मायापुरी कॉलोनी ने बताया कि वह रोज की तरह अपने ठेले पर सब्जियां बेच रहा था. तभी तेज रफ्तार में आ रहे एक ऑटो ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ठेले पर रखी सारी सब्जियां सड़क पर बिखर गईं और उसे हाथ, पैर एवं सिर पर गंभीर चोटें आईं. पुलिस ने फरियादी नरेंद्र की शिकायत पर ऑटो चालक के प्रकरण दर्ज कर आरोपी चालक की पहचान की जा रही है. पुलिस का दावा है कि आरोपी को जल्द ही हिरासत में लिया जाएगा.

नव भारत
एजेंसी देना है...
झाबुआ जिला
राणापुर एवं थांदला सिटी में
सम्पर्क करें :- 99260-57773

चैत्र नवरात्रि की अष्टमी पर देवी मंदिरों में लगी भक्तों की भीड़

- अष्टमी पर अनेक देवी मंदिर परिसरों में हुए हवन के आयोजन
- आज धुमधाम से मनाई जायेगी श्री राम नवमी, राजवाडा चौक पर होगे आयोजन

नवभारत न्यूज

झाबुआ। चैत्र नवरात्री के पावन पर्व पर नगर सहित अंचल के सभी देवी मंदिरों में भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवी मंदिरों में पूजन अर्चन करने पहुंच रहे हैं। वहीं सभी देवी मंदिरों में महाआरती के आयोजन भी हो रहे है जिसमें भी लगातार भक्तों की भीड़ दिखाई दे रही है। सभी जगह माता के जयकारे गूंज रहे हैं। शनिवार को महाअष्टमी पर्व पर देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा अष्टमी का पूजन अर्चन कर घर में कुलदेवी की पूजा की। वहीं शाम को अनेक देवी मंदिर परिसरों में हवन-पूजन भी हुए। लगातार आठ दिनों तक व्रत रखने वाले लोगों को भी अष्टमी के दिन पूजन करने का एक अलग ही महत्व है क्योंकि नवमी के दिन जवारे विसर्जन के उपरांत उपवास खोलने की परंपरा भी नियम अनुसार रहने के कारण श्रृद्धालु अष्टमी के दिन पूजन अर्चन करते हैं। इसके अलावा जगह-जगह कन्या भोज के आयोजन भी हो रहे हैं जिसमें सैकड़ों की तादाद में कन्या उपस्थित होकर इस भोज में शामिल हो रही हैं।

आज मनाई जायेगी श्रीराम नवमी- नगर सहित अंचल में 6 अप्रेल को श्री राम नवमी का पर्व बडे ही धुमधाम से मनाया जायेगा। अंचल के देवी मंदिरों में जहां माता के आखिरी स्वरुप सिद्धिधात्री की विशेष पूजा अर्चना की जायेगी। वही श्री राम एवं श्री कृष्ण मंदिरों में दोपहर 12 बजे भगवान श्री राम का जन्मोत्सव मनाया जायेगा। इस अवसर पर हजारों की संख्या में राम भक्तों का जमावडा होगा। नगर के नेहरू मार्ग स्थित श्री राम मंदिर सहित राधाकृष्ण मार्ग स्थित राधाकृष्ण मंदिर, सोनी समाज के सत्यनारायण मंदिर, नीमा समाज के श्री चारभुजानाथ मंदिर, राजवाडा चौक स्थित श्री सत्यनारायण एवं श्रीराम दरबार मंदिर, छोटा तालाब स्थित राधाकृष्ण मंदिर, लक्ष्मीबाई मार्ग स्थित श्री राम मंदिर, ग्राम रंगपुरा स्थित श्री राम दरबार मंदिर में मंदिर समिति से जुडे लोग मंदिरों की विशेष सजावट कर रहे है और जन्मोत्सव पर भगवान श्री राम का विशेष श्रृंगार किया जायेगा। रविवार सुबह से ही मंदिरों में भगवान के दर्शनों के लिए तांता लगना शुरू हो जायेगा, जो दिन भर जारी रहेगा। नेहरू मार्ग स्थित श्रीराम मंदिर में 6 अप्रेल को प्रातः भगवान का अभिषेक किया जायेगा। पश्चात मंदिर परिसर प्रातः 9 बजे से सुंदरकांड व भजन किर्तन का आयोजन किया जायेगा। दोपहर ठीक 12 बजे आतिशबाजी के साथ भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर महाआरती कर भक्तो को प्रसादी का वितरण किया जायेगा। श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर मंदिर को आकर्षक विद्युत रोशनी एवं भक्तों को धुप से बचाव के लिए परिसर में टेंट लगाया गया है। वही राधाकृष्ण मार्ग स्थित मंदिरों एवं लक्ष्मीबाई मार्ग स्थित श्रीराम मंदिर व परिसर की भी विशेष सज्जा को अंतिम रूप देने में सदस्यगण जुटे रहे।

पंडितों द्वारा हवन संपन्न कराया

नगर के कालिका माता मंदिर में नवरात्री में प्रातःकाल 5 बजे कांकड आरती हो रही है, जिसमें बडी संख्या में श्रद्वालु शामिल हो रहे है। अष्टमी की शाम मंदिर परिसर में हवन का भी आयोजन हुआ, जिसमें नगर की खुशहाली के लिए आहुतियां दी गई। अष्टमी पर मातारानी का आकर्षक श्रंगार किया गया। वही सामने स्थित संतोषी माता मंदिर पर भी श्रद्वालुओं को दर्शन पूजन के लिए तांता लगा। कालेज मार्ग स्थित अंबे माता मंदिर पर भी प्रातःकाल से देवी भक्तों की भीड रही। यहां भी बडी संख्या में भक्तजनों को दर्शन पूजन के लिए दिनभर तांता लगा रहा। शाम को यहा भी विद्वान पंडितों द्वारा हवन संपन्न कराया गया। जिसमें नगर के विकास, खुशहाली के लिए आहुतियां देकर अपनी भक्ति भावना प्रकट की। नगर के खोडियार माता मंदिर, गायत्री माता मंदिर, हाउसिग बोर्ड स्थित मां जगदंबे मंदिर, उदयपुरिया स्थित काली कल्याणी धाम आदि देवी मंदिरों पर भक्तों का दर्शन पूजन के लिए तांता देर रात तक लगा रहा।

कुख्यात आरोपी मलखान एवं उसके साथियों को किया गिरफ्तार

झाबुआ। पुलिस में नामी कुख्यात आरोपी मलखान पर पहले ही लूट, डकैती, चोरी, हत्या, हत्या के प्रयास जैसे कई गंभीर अपराध दर्ज थे। 3. अप्रेल को झाबुआ-मेघनगर रोड पर ग्राम पिपलिया में एक मोटर साइकल में सवार दो व्यक्तियों को एक्सयुवी कार चालक द्वारा टक्कर मारकर जान से मारने की नियत से कार मोटर साइकल सवारों के उपर चढ़ाकर भाग गये थे। फरियादी ने बताया की आरोपी पक्ष ने फरियादी पक्ष की लडकी भगा ले जाने के संबंध में पुरानी रंजिश रखने के कारण फरियादी के परिजनो को आरोपी ने एक्सयुवी गाडी से जान से मारने की नियत से टक्कर मारी, फरियादी की रिपोर्ट करने पर थाना कल्याणपुरा पर अपराध क्र. 96/2025 धारा 109(1) , 296, 3(5) बीएनएस का पंजीबद्व कर विवेचना में लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पद्म विलोचन शुक्ल द्वारा आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये। जिस पर अति. पुलिस अधीक्षक पीएल कुर्वे व एसडीओपी पेटलावद कमलेश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना कल्याणपुरा एवं चौकी अंतरवेलिया की संयुक्त टीम ने आरोपियों के घर पर दबिश दी, जिसमें अपराध का मुख्य आरोपी मलखान पिता जोसफ अमलियार एवं साथी आशीष पिता इड्डू अमलियार व आकाश पिता संतोष अमलियार को गिरफ्तार किया गया एवं आरोपियों को झाबुआ न्यायालय में पेश किया। उक्त कार्यवाही में उनि. अर्चना चौहान, सउनि. नरेन्द्र परमार, लालसिंह चौधरी, चौकी प्रभारी अंतरवेलिया जगदीश नायक, प्रआर. जगोड़सिंह अलावा, तानसिंह डामोर, महेन्द्र भाबर, आर. रवि, राहुल डामोर, नारायण, हिरा मोर्य, दिनेश, देवा, मनीराम व सायबर सेल झाबुआ टीम की अहम भूमिका रही।

अंकुरम में मनाया भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव

झाबुआ। अंकुरम इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 1 से 9 तक के विद्यार्थियों ने धूमधाम से भगवान श्री राम का जन्मोत्सव मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था प्राचार्य डॉ रितेश लिमये द्वारा भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना करके की। पश्चात कक्षा 6 से 9 के छात्रों ने राम जन्म पर आधारित नाटकीय मंचन प्रस्तुत किया। शाला के शिक्षक रामलाल कुर्मी व पूजा सोनी द्वारा स्वर सहयोग दिया गया। श्री राम भजन व रामधुन की सुंदर प्रस्तुति संगीत शिक्षक आकाश बारेशा द्वारा दी गई। साथ ही शाला में कक्षा 1 से 3 में रंग भरो प्रतियोगिता, कक्षा 4 से 6 में हिंदी हस्त लेखन प्रतियोगिता व कक्षा 7 से 9 तक राम जीवन पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अंत में सभी को प्रसाद के रूप में पंजेरी का वितरण किया गया।

गुरु तत्व को समझने वाला ही जीवन जीने की कला सीख पाता है : मुनि जिनागमरत्न विजय

मेघनगर। हमने मानव भव को पाया, मानव भव में जैन धर्म को पाया, अरिहंत परमात्मा को पाया, प्रभू महावीर का शासन पाया, इस शासन में दादा गुरुदेव और पुण्य सम्राट गुरुदेव को भी पाया लेकिन इन सबको हमने क्यों पाया ? और इनसे हमने क्या पाया ? हमे यह समझने की आवश्यकता है। हमे अपने जीवन को कैसे जीना है, इसके लिए सबसे पहले हमे गुरु तत्व को समझना जरूरी है। उक्त उद्गार आज मेघनगर पधारे पुण्य सम्राट गुरुदेव श्रीमद विजय जयंतसेन सुरीश्वरजी महाराजा के शिष्य एवं वर्तमान गच्छाधिपति श्रीमद विजय नित्यसेन सुरीश्वरजी एवं आचार्य श्रीमद विजय जयरत्न सुरीश्वरजी महाराज साहब के आज्ञानुवर्ती मुनिराज श्री जिनागमरत्न विजयजी ने धर्मसभा में व्यक्त किए। उक्त जानकारी देते हुए परिषद प्रवक्ता दिविक कावड़िया ने बताया कि, पूज्य मुनिराज श्री जिनागमरत्न विजयजी आदि ठाणा - 19 रम्भापुर से विहार कर ब्लॉक ऑफिस चौराहा पधारे जहा से नगर में मंगल प्रवेश हुआ। प्रवेश का वरघोड़ा साई चौराहा, दशहरा मैदान, शान्ति सुमतीनाथ जिनालय, आजाद चौक, गौडी पार्श्वनाथ होते हुए ज्ञान मंदिर पहुंचा। जहां पूज्य मुनिभगवंतो को अक्षत से वधाकर श्रीसंघ अध्यक्ष शांतिलाल लोढ़ा, ट्रस्ट अध्यक्ष मनोहर चौरडिया, नवयुवक अध्यक्ष देवेंद्र जैन, महिला अध्यक्ष श्रीमती स्नेहलता कावड़िया, तरुण अध्यक्ष रवि जैन ने अगवानी की, पश्चात मुनि भगवन्तों ने गुरु दर्शन कर धर्मसभा को संबोधित किया। सभा में पूज्य मुनिराज समर्पण विजयजी के सांसारिक पिताजी श्री परेशभाई एवम नूतन मुनिराज श्री जिनवल्लभ विजयजी के सांसारिक पिताजी संजयभाई सुराणा एवम माताजी श्रीमती रेणु सुराणा का बहुमान श्रीसंघ, ट्रस्ट एवम परिषद परिवार द्वारा किया गया। आज पूज्यश्री के दर्शन एवम विनंती हेतु झाबुआ, रम्भापुर, जावरा, खाचरोद, कुक्षी, लाबरिया, मुंबई, आदि श्रीसंघ के भक्त पधारे। कार्यक्रम का संचालन रजत कावड़िया ने किया ।

कचरा वाहन में लगी आग

इंदौर. विधानसभा क्षेत्र क्रमांक दो स्थित एमआर-09 के बजरंग नगर स्थित मजदूर चौक पर शुक्रवार सुबह एक चलती कचरा गाड़ी में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया. गाड़ी में भरे कचरे ने देखते ही देखते आग पकड़ ली और धुएं के गुबार के साथ आग की लपटें उठने लगीं. घटना के दौरान वाहन चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए वाहन को सड़क किनारे रोका, जिससे बड़ा हादसा टल गया. हालांकि, आग लगने के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है. सूचना मिलते ही फायर ब्रिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया. गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई. घटना के बाद प्रशासन और नगर निगम ने मामले की जांच शुरू कर दी है.

एक नजर — आबकारी की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम नाहरपुरा तहसील राणापुर में की कार्रवाई

आबकारी ने दो लाख से अधिक की अवैध शराब की जब्त

झाबुआ। जिले में अवैध मदिरा की बिक्री पर रोकथाम हेतु कलेक्टर नेहा मीना एवं उपायुक्त संभागीय उड़नदस्ता इंदौर संजय तिवारी द्वारा सतत कार्रवाई हेतु दिये गये निर्देशों के परिपालन में मदिरा संग्रहण, परिवहन, चौर्यनयन एवं विक्रय के विरूद्ध ज़िला आबकारी अधिकारी बसंती भूरिया के निर्देशन में 5 अप्रेल को मुखबीर की सूचना पर आबकारी की संयुक्त टीम द्वारा आबकारी वृत्त झाबुआ ब के ग्राम नाहरपुरा तह. राणापुर में मुखबीर द्वारा बताये स्थान पुराने पंचायत भवन के पास में जितेंद्र पिता मकन मंडोड़ के मकान के पीछे खाली जगह तलाश करने पर माउंट 6000 सुपर स्ट्रांग बियर कैन कुल 86 पेटी (कुल- 1032 बल्क लीटर) विधिवत जब्त की। वही मौके से फरार आरोपी के विरूद्ध मप्र आबकारी अधिनियम 1915 एवं

संशोधित अधिनियम 2000 की धारा 34(1)(क), 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही नवीन विधान के तहत विडियोग्राफी व फोटोग्राफी की गई। उक्त जप्त मदिरा का अनुमानित बाजार मूल्य राशि रुपये 2 लाख 68 हजार 320 रूपये है। उक्त कार्यवाही सहायक जिला आबकारी अधिकारी महादेव सोलंकी के मार्गदर्शन में आबकारी उपनिरीक्षक विकास वर्मा द्वारा की गई एवं आबकारी उपनिरीक्षक अकलेश सोलंकी, रमेश सिसोदिया, प्रेमसिंह परमार एवं आबकारी स्टाफ मदन राठौड, प्रकाश भाबोर, श्रीराम शर्मा, सोहन नायक, पवन गाड़रिया, विजय चौहान, पुष्पा बारिया, विद्या डामोर एवं वाहन चालक बहादुर ढाकिया, दिपक भूरिया, दयाल मंडोडिया का सराहनीय योगदान रहा।